# 42बयालीसवां दिन
# nd Day

## 24 . घर से बाहर ( Out of Home )

| | |
|---|---|
| 1. **यह जूता बहुत तंग है।** | **This shoe is very tight.** दिस शू इज़ वेरी टाइट. |
| 2. यह सड़क किधर जाती है? | Where does this road lead to? वेअर डज़ दिस रोड लीड टु? |
| 3. यह सड़क रोहतक जाती है। | This road leads to Rohtak. दिस रोड लीड्ज़ टु रोहतक. |
| 4. ज़रा मेरी साइकिल पकड़ना। | Just hold my cycle/bike. जस्ट होल्ड माइ साइकल/बाइक. |
| 5. मुझे रात को जागना पड़ता है। | I have to keep awake/wake up at night.<br>आइ हैव टु कीप अवेक/वेक अप ऐट नाइट. |
| 6. सदा बायें हाथ चलो। | Always keep to the left. ऑलवेज़ कीप टु द लेफ़्ट. |
| 7. सदा फ़ुटपाथ पर चलो। | Always walk on the footpath. आलवेज़ वॉक ऑन द फ़ुटपाथ. |
| 8. **जेबकतरों से बचो।** | **Beware of pickpockets.** बिवेअर ऑफ़ पिकपॉकिट्स. |
| 9. मुझे नाटक देखने का शौक नहीं है। | I am not fond of theatre/seeing plays.<br>आइ ऐम नॉट फ़ौंड ऑफ़ थियेटर/सीइंग प्लेज़. |
| 10. **मैंने अपना मकान बदल लिया है।** | **I have changed my house/I've shifted from the old place.**<br>आइ हैव चेंज्ड माइ हाउस/आइव शिफ्टिड फ्रॉम दि ओल्ड प्लेस. |
| 11. **क्या यहां कोई किराये की मोटर मिल सकती है?*** | **Can one get a taxi/cab here?** कैन वन गेट अ टैक्सी/कैब हिअर? |
| 12. चाहे कुछ हो, हमें मीटिंग में ठीक समय पर पहुंच जाना चाहिए। | Come what may, we must reach the meeting in time.<br>कम वॉट मे, वी मस्ट रीच द मीटिंग इन टाइम. |
| 13. यह सड़क लोगों के लिए बंद है। | This road is closed to the public. दिस रोड इज़ क्लोज़्ड टु द पब्लिक. |
| 14. बिना आज्ञा अंदर आना मना है। | No entry without permission. नो एन्ट्री विदाउट परमिशन. |

## 25 . नौकर से ( To Servant )

| | |
|---|---|
| 1. यहां आओ लड़के! | Come here, boy. कम हिअर, बॉय. |
| 2. खाना लाओ। | Bring the food. ब्रिंग द फ़ूड. |
| 3. **एक गिलास पानी लाओ।** | **Get me a glass of water.** गेट मी अ ग्लास ऑफ़ वॉटर. |
| 4. वहां जाओ और चिट्ठियां लेटर बॉक्स में डालो। | Go and post these letters. गो ऐंड पोस्ट दीज़ लेटर्ज़. |
| 5. कपड़े धोओ। | *Wash the clothes. वॉश द क्लोद्ज़. |
| 6. जल्दी करो। | Hurry up./Make haste. हरी अप./मेक हेस्ट. |
| 7. बंडल उठाओ। | Lift/Pick up/Carry the bundle. लिफ़्ट/पिक अप/कैरी द बंडल. |
| 8. मुझे आधी (डबल) रोटी दो। | Give me half a bread / chapati. गिव मी हाफ़ अ ब्रेड / चपाती. |
| 9. **अब तुम जाओ, मुझे कुछ काम करना है।** | You go now, I have to do some work. यू गो नाउ, आइ हैव टु डू सम वर्क. |
| 10. रास्ता दिखाओ। | Show the way. शो द वे. |
| 11. इन्हें बाहर छोड़ आओ। | Show him out. शो हिम आउट. |
| 12. **बीच में मत बोलो।** | **Don't interrupt.** डोन्ट इंट्रप्ट. |
| 13. ज़रा सुनो। | Just listen. जस्ट लिसन. |
| 14. घबराओ नहीं। | Don't worry. डोन्ट वरी. |
| 15. थोड़ी देर ठहरो। | Wait a bit. वेट अ बिट. |
| 16. पंखा चला दो। | Switch on the fan. स्विच ऑन द फ़ैन. |
| 17. **शोर मत मचाओ।** | **Don't make a noise. डोंट मेक अ नॉइज़.** |
| 18. देखो, बालक क्यों रो रहा है। | Go and see why the child is weeping/crying.<br>गो ऐंड सी वाइ द चाइल्ड इज़ वीपिंग. |
| 19. जरा कागज़-पेंसिल देना। | Give me a pencil and a piece of paper.<br>गिव मी अ पेंसिल ऐंड अ पीस ऑफ़ पेपर. |
| 20. जब तक मैं न आऊं यहीं बैठे रहो। | Wait here until I'm back. वेट हिअर अंटिल आइम बैक. |
| 21. **अब तुम जा सकते हो।** | **You may go now.** यू मे गो नाउ. |
| 22. मुझे चार बजे जगा देना। | Wake me up at 4 o'clock. वेक मी अप ऐट फ़ोर ओ'क्लॉक. |
| 23. लैम्प जलाओ (मिट्टी के तेल वाला) | Light the lamp. लाइट द लैम्प. |
| 24. बिजली जलाओ / बुझाओ। | Switch on / off the light. स्विच ऑन / ऑफ़ द लाइट. |
| 25. **एक तरफ़ हो जाओ।** | **Move aside.** मूव असाइड. |
| 26. अपनी अक्ल से काम लो। | Use your mind/brains. यूज़ योर माइंड/ब्रेन्ज. |
| 27. कल जल्दी आना न भूलना। | Don't forget to come early tomorrow. डोन्ट फ़ॉर्गेट टु कम अर्ली टुमॉरो. |
| 28. बस, अब थोड़ा आराम करो। | Go and relax for a while. गो ऐंड रिलैक्स फ़ॉर अ वाइल. |

## याद रखें ( Remember )

* संज्ञाओं की तरह अनेक विशेषणों के केवल अंतिम भाग को देखकर पहचाना जा सकता है। Articles of daily use are now available in the market . (रोज़मर्रा काम में आने वाली चीज़ें अब बाज़ार में मिलती हैं) avail क्रिया के आगे able लगाकर available विशेषण बनाया गया है। इसी प्रकार agreeable (अच्छा लगने वाला), comfortable (आरामदेह), dependable (जिस पर निर्भर रह सकें), eatable (खाने योग्य), manageable (प्रबंध करने योग्य), payable (जिसका भुगतान किया जा सके),

saleable (बेचने योग्य), washable (जो धोया जा सके) मूल शब्द (संज्ञा या क्रिया) में able लगाने से बने हैं। कई बार able का कार्य करने के लिए ible भी लगता है, जैसे combust (जलना) से combustible (ज्वलनशील), eligible (चुने जाने योग्य), illegible (जो पढ़ा न जा सके)।

कुछ संज्ञाओं और क्रियाओं आदि के अंत में al लगाकर भी विशेषण बनते हैं, जैसे:

brute से brutal (क्रूर)

centre से central (केंद्रीय)

continue से continual (लगातार)

term से terminal (अंतिम भाग का)

ऐसे में शब्द के अंत में यदि ‘ e ’ हो तो वह हट जाता है।

---

(i) Clothes (क्लोद्ज़) सिले हुए कपड़ों को कहते हैं, Cloth (क्लॉथ) बिना सिले कपड़ों को।
(ii) Clothe (क्लोद्) क्रिया भी है अर्थात् कपड़े पहनना या पहनाना।